आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मेक इन इंडिया

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि वह मेक इन इंडिया पहल को और मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य सुधार योजना– बी.आर.ए.पी. 2024 लागू करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस योजना से देश भर में एक निर्बाध व्यापार नियामक ढांचा स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे कारोबार सुगम होगा। मंत्रालय का कहना है कि इस योजना से कारोबारी प्रक्रियाओं को और सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, नियमों के अनुपालन का बोझ कम होगा और डिजिटल समाधान के ज़रिये भारत को एक पसंदीदा वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। व्यापक कार्य सुधार योजना को 2014–15 में शुरू किया गया था। इसने देश के व्यापार परिदृश्य को नया आकार देने का काम किया है।

शोक

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद सैनिक विनय की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवान के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शहीद विनय मंडी ज़िला के जोगिन्द्रनगर क्षेत्र के पोहल गांव के निवासी थे।

पोषण माह

प्रदेशभर में एक सितम्बर से चल रहा सातवां राष्ट्रीय पोषण माह अभियान आज संपन्न हो गया। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सही पोषण के बारे में जानकारी दी गई। मण्डी ज़िले के करसोग में आज राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के समापन समारोह में पद्मश्री अवॉड विजेता नेकराम शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक आहार में मोटे

अनाज को शामिल करना चाहिए। नेकराम शर्मा ने कहा कि मोटे अनाज में पोषक तत्व मौजूद होने के साथ ही ये अनेक औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा आज कांगड़ा ज़िला के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जामूला में स्वच्छता पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ब्यूरो के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता भी करवाई गई। इधर, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा आज शिमला के राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ज़िला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने बताया कि शिमला ज़िले में स्वच्छता अभियान के तहत 5 हज़ार 5 सौ किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान के दौरान ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों सहित गांवों के सौंदर्यीकरण और अमृत सरोवरों की सफाई की जाएगी। इस बीच, सोलन में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को स्वच्छता को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने छात्रों से इस अभियान को लगातार जारी रखने का आग्रह किया और स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

नशा रोकथाम

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने नशे की रोकथाम के लिए एकजुटता से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया है। आज शिमला में ज़िलास्तरीय नार्को समन्वय केन्द्र की बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर महिला मण्डल और युवक मंडलों को भी नशामुक्त अभियान में शामिल किया जाएगा। बैठक में ड्रग तस्करी से संबंधित मुद्दों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने ज़िले में नशे के खिलाफ किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया।

योग सर्वोदय

लोगों को योग के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष विभाग द्वारा 2 अक्तूबर से योग सर्वोदय कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। सोलन के ज़िला आयुष अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि नगर निगम हॉल सोलन से इसका शुभारम्भ किया जाएगा। इसके अलावा सभी उपतहसीलों के चयनित स्थानों पर भी ये कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

....